भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 17
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 19, जुलाई 2021
28 आषाढ़, 1943 (शक)

भारतीय संस्कृति का अध्ययन करने के लिए समिति

17. श्री एस.वेंकेटेशन:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केंद्रीय संस्कृति मंत्री द्वारा पिछले वर्ष सूचित किया गया था कि भारतीय संस्कृति और इसके विकास का अध्ययन करने के लिए एक 16 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है तथापि, बिना विविधता वाली समिति की संरचना की कड़ी आलोचना हुई;
(ख) क्या उक्त समिति अभी भी अस्तित्व में है;
(ग) क्या उक्त समिति की अभी तक कोई बैठक हुई है एवं यदि हां, तो बैठक की तारीखों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार का प्रस्ताव विविधता का समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए उक्त समिति को भंग करने का है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): 12000 वर्ष पूर्व से भारतीय संस्कृति के उद्भव और विकास का समग्र अध्ययन करने और विश्व की अन्य संस्कृतियों के साथ इसके मेल-मिलाप के लिए 2016 में एक समिति गठित की गई थी। उक्त समिति की 3.10.2017 और 2.5.2017 को दो बैठकें हुई थी।

(घ): ऐसा निर्णय लिया गया है कि समिति का पुनर्गठन किया जाए। समिति के पुनर्गठन के समय उसकी सदस्यता में विविधता पर उचित रूप से विचार किया जाएगा।

*****